जन जागरण समिति – पामगढ

जिला – जांजगीर चाम्पा (छ.ग.)

वार्षिक रिर्पोट

मार्च 2013 से अप्रैल 2014

पता – कार्यालय

जन जागरण समिति

पोस्ट आफिस के सामने तहसील के पास – पामगढ़

जिला – जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पिन – 495554

संपर्क नंबर – 9907125833 , 7869836444

email – jan.jagaransociety@gmail.com

संस्था के बारे में:—

जन जागरण समिति पंजीकृत संस्था है जिसका पंजीयन छत्तीसगढ़ सोसायटी रजिस्ट्री अधिनियम 1973 (सन् 1973 का क्रमांक 44) के अधिन 3.3.2008 को पंजीकृत की गई है। जिसका पंजीयम क्र. वि.स.7906 है। यह संस्था जांजगीर—चाम्पा जिला में सक्रिय रूप स कार्य कर रही है। संस्था विशेषकर महिलाओं, बच्चों एवं दलितों के मुद्दों पर कार्य कर रही है। स्वास्थ्य, शिक्षा, पोषण, पर्यावरण पालयन, मनरेगा आदि मुद्दों पर लगातार काम कर रही है।

गतिविधियों:—

1. फूड प्रोसेसिंग प्रशिक्षण: पामगढ़ विकासखण्ड के 10 ग्राम से 10 महिला समूहों को फूड प्रोसेसिंग का प्रशिक्षण दिया गया। इस प्रशिक्षण के माध्यम से यह सिखाया गया कि जो भी मौसमी फल हमारे गांव में पैदावार होता है उसका उपयोग करने के बाद जो फल बचता है। उसका हम जेली, जेम और आचार बनाकर लंबे समय तक उपयोग में ला सकते है। साथ ही उसको व्यवसायिक रूप देकर अतिरिक्त आमदनी अर्जित किया जा सकता है।
2. आंगनबाड़ी योजना पर जागरूकता शिविर: पामगढ़ विकासखण्ड के 40 गांव में आंगनबाड़ी केन्द्रों पर मिलने वाले लाभ तथा आंगनबाड़ी संचालन के उद्देश्य की जानकरी हेतु शिविर लगाकर लोगों को जागरूक किया गयज्ञ

3. <u>मध्याह्न भोजनः</u> यह संस्था पामगढ़ विकासखण्ड के 40 गांव में मध्याह्न भोजन योजना के बारे में शिविर लगाकर लोगों को जागरूक किया। मध्याह्न भोजन संचालन के बारे में विस्तार से बताया गया।

4. <u>मनरेगाः</u> 40 गांव में मनरेगा अधिनियम का प्रचार–प्रसार किया गया। इन गांवों में लोगों के जॉबकार्ड बनाने में सहायाता किया गया। मनरेगा कार्य मांग हेतु आवेदन कराया गया।

5. <u>ग्राम निरानी समिति का गठन्नः</u> संस्था द्वारा पामगढ़ वि.ख. के 40 गांव में ग्राम निगरानी समिति का गठन किया गया, जिसमें प्रत्येक समिति में 15 महिलायें एवं 15 पुरूष सदस्य है। जिसके माध्यम से गांव के लोगों को विभिन्न प्रकार के सरकारी योजनाओं की जानकारी देते है तथा सरकारी योजनाओं की निगरानी इन्ही ग्राम निगरानी समितियों के द्वारा किया जाता है।
6. <u>ग्राम निरानी समिति के सदस्यों का प्रशिक्षणः</u> संस्था द्वारा 40 गांव मं गठित ग्राम निगरानी समिति के सदस्यों को मनरेगा, आंगनबड़ी, मध्याह्न भोजन, राशन दुकान, जननी सुरक्षा योजना, स्मार्ट कार्ड योजना आदि योजनाओं के बारे में प्रत्येक निगरानी समितियों को दो दिवसीय आवसीय प्रशिक्षण प्रदान किया गया। जिसमें योजनाओं के विषय में विस्तार से जानकारी दिया गया।
7. <u>खेल–कूद प्रतियोगिताः</u> संस्था द्वारा ग्राम देवरी, लोहर्सी, खोरसी, हेड़सपुर एवं भलवाही के स्कूल परिसर में स्कूली बच्चों के लिए खेल–कूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसका उद्देश्य बच्चों को शरीरिक एवं मानसिक स्थिति का अनुभव कराना तथा बच्चों को बाल अधिकार एवं शिक्षा के अधिकार, स्वच्छता तथा मध्याह्न भोजन में मिनू का जानकारी देना।
8. <u>बाल क्लॅब का गठनः</u> संस्था द्वारा 5 गांव में देवरी, लोहर्सी, खोरसी, हेड़सपुर एवं भलवाही में बाल क्लॅब का गठन किया गया। इसका उद्देश्य क्लॅब के बच्चों को बाल अधिकार के बारे में जागरूक करना तथा इन बच्चों के माध्यम से ग्राम विकास एवं बच्चों के विकास के लिए ग्राम पंचायत में योजना बनवाना है।
9. <u>रंगोली प्रतियोगिताः</u> संस्था द्वारा पामगढ़ वि.ख. के 5 ग्राम कोसा, नंदेली, कोनार, चोरभट्ठी एवं लगरा में स्कूली बच्चों के बीच रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य बच्चों तक पहुंच बनाना तथा बच्चों को बाल अधिकार, शिक्षा का अधिकार, स्वच्छता के बारे में जानकारी देना तथा बच्चों के अभिव्यक्ति को समाज के समाने लाना है।

10. श्रीविधि खेती का प्रशिक्षणः संस्था द्वारा 10 ग्राम के 300 किसानों को SRI श्रीविधि खेती का प्रशिक्षण दिया गया। 5 गांव के 37 किसानों को संस्था के देख–रेख में श्रीविधि खेती कराया गया। इन 37 किसानों को जैविक खाद् एवं विडर मशीन संस्था के द्वारा निःशुल्क प्रदाय किया गया। इसका उद्देश्य कम लागत में अधिक पैदावार जैविक खाद् का उपयोग तथा देशी बीज को संरक्षित करना है।
11. सर्वे कार्यक्रमः संस्था द्वारा पामगढ़ वि.ख. के 40 गांव में मनरेगा, आंगनबाड़ी, मध्याह्न भोजन, स्मार्ट कार्डधारी परिवार का सवें कराया गया। जिसका उद्देश्य इन योजनाओं के क्रियान्वयन में आ रही समस्याओं का अध्यनन करना है। तथा समस्याओं के समाधान के लिए सरकार से बातचीत करना है।
12. महापुरूषो की जयंती/पुण्यतिथि कार्यक्रमः

- 14 अप्रैल को संविधान निर्माता बाबा साहब डॉ भीमराव अम्बेडकर के जयंती का कार्यक्रम पामगढ़ के सतनाम भवन में मनाया गया।

- 26 जून को छत्रपति साहू जी महाराज का जयंती कार्यक्रम जांजगीर के शारदा मंगलम सभा हॉल में मनाया गया।
- 6 दिसम्बर को बाबा साहब डॉ भीमराव अम्बेडकर की पुण्य तिथि मनाया गया।
- 18 दिसम्बर को बाबा गुरूघासीदास का जयंती कार्यक्रम मनाया गया।